साई विकास शिक्षण संस्थान के अचीवर्स डे कार्यक्रम में
माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया का भाषण

दिनांक 27 जून 2023, मंगलवार	समय : 11:00 AM	स्थान : आईटीए सेंटर, माछखोवा

साई विकास एडुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष श्री पंकज लोचन शर्मा जी,

संस्थान के प्रबंध निदेशक श्री श्रीनिवास रेड्डी जी,

विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक और मेरे प्यारे विद्यार्थियों,

आप सभी को मेरा प्यार भरा नमस्कार,

राज्य के इस प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान "साई विकास" के "अचीवर्स डे" समारोह 2023 में भाग लेकर बेहद खुशी हो रही है। सर्वप्रथम मैं समारोह मे सम्मानित होने वाले मेधावी विद्यार्थियों और संस्थान के शिक्षकों एवं प्रबंधकों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

मुझे बताया गया कि संस्थान के सीनियर विद्यार्थियों ने असम CEE (Combined Entrance Examination) परीक्षा में पहला, तीसरा, छठा और सातवां रैंक हासिल किया है। यह संस्थान के लिए गर्व की बात है। आज हम सभी उनकी सफलता का जश्न मनाने लिए एकत्र हुए हैं।

देवियों और सज्जनों,

किसी भी सफलता को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत, त्याग और समर्पण आवश्यक होता है। हमारे इन मेधावी विद्यार्थियों ने भी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण से ही यह सफलता पाई है। विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल कर न केवल अपने परिवार, शिक्षकों, संस्थान का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे "असम" राज्य का गौरव बढ़ाया है।

निःसंदेह विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षकों और उनके अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। शिक्षक हमारे समाज के वास्तविक निर्माता हैं, जो विद्यार्थियों के जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस मामले में 'साई विकास' भाग्यशाली है। संस्थान में दृढ विश्वास और आत्यधिक प्रतिबद्धता वाले शिक्षक हैं, जो छात्रों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। मुझे बताया गया है कि साई विकास में छात्र-छात्राओं के लिए अनूठे तरीके से पाठ्यक्रम डिजाइन किया जाता है। एकीकृत अध्ययन के माध्यम से उन्हें बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ NEET, JEE, CEE आदि प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। यही कारण है कि इस शिक्षण संस्थान के विद्यार्थी हर तरह की परीक्षाओं में सफलता का परचम लहरा रहे हैं।

मुझे जानकारी मिली है कि "साई विकास" प्रबंधन द्वारा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ-साथ स्थानीय समुदाय के हर आयोजनों में आर्थिक सहायता प्रदान करता है। इसके अलावा हर साल 30 मेधावी छात्रों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करता है। इसके लिए मैं "साई विकास" प्रबंधन का दिल से आभार व्यक्त करता हूँ।

मित्रों,

मेरा दृढ विश्वास है कि शिक्षा किसी की भी क्षमता को उजागर करने और समृद्ध भविष्य के निर्माण की एकमात्र कुंजी है। हमारी सरकार ने हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता दी है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण प्रदान करने का प्रयास किया है। राज्यपाल के रूप में, मैं इन प्रयासों को आगे बढ़ाने और प्रत्येक विद्यार्थियों को को विश्व स्तरीय शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।

उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए "साई विकास" के प्रबंधकों द्वारा उठाया गया यह एक सराहनीय कदम है। इस कार्यक्रम के जरिए प्रबंधकों ने शिक्षकों के प्रयासों को भी सम्मान देने का सकारात्मक प्रयास किया है।

कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले विद्याथियों मैं आप सभी के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना करता हूँ। आप सभी ने साबित कर दिया है कि दृढ़ता और दृढ़ संकल्प से सपनों को हकीकत में बदला जा सकता है। निश्चय ही आपकी उपलब्धियाँ दूसरे विद्यार्थियों को उत्कृष्ट सफलता हासिल करने के लिए प्रेरणादायक का काम करेंगी।

अब आप ज्ञान और कौशल की एक नई और बड़ी दुनिया में प्रवेश करने जा रहे हैं। मैं आप सभी को इस नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। मेरी शुभकामना है कि आने वाले दिनों में भी आप और सफलता हासिल करें और अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने राज्य व देश का मान बढाएं।

मेरे प्रिय विद्यार्थियों,

सफलता आपको कभी भी 1 दिन में नहीं मिलती है, लेकिन एक दिन जरूर मिलती है। जिस तरह दिन और रात एक जैसे नहीं होते, उसी तरह हमारे जीवन के सफर में भी कई उतार-चढ़ाव आते हैं। परंतु, सफल व्यक्ति वह होते हैं, जो अपने लक्ष्य को पाने के लिए लगातार आगे बढ़ते रहते हैं। इसलिए मैं आप सभी से अपील करता हूँ कि आप दृढ़ संकल्प, समर्पण और विश्वास के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगे बढ़ें।

मैं इसके साथ ही आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप अपनी संस्कृति को याद रखें और नैतिक मूल्यों पर ध्यान दें। ध्यान रखें कि सफलता केवल नम्बर और ग्रेड से परिभाषित नहीं होती है, बल्कि सफलता के लिए ज्ञान

और कौशल का उपयोग जरूरी है। आप हमेशा भावी पीढ़ियों के लिए आदर्श बनें।

अंत में, मैं यह कहना चाहूंगा कि आप सफल हो सकते हैं। आपकी सफलता आपके उत्साह, मेहनत और विश्वास पर निर्भर करती है। अपनी सोच और कार्यों में सकारात्मक रहें और अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें।

मैं एक बार फिर विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। आप सभी को मेरी तरफ से एक सफल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ।

धन्यवाद !

जय हिन्द !